अमर उजाला
amarujala.com
बरेली • शुक्रवार, 21 फरवरी 2025 | फाल्गुन कृष्ण-अष्टमी | विक्रम संवत-2081


**PAGE NO 8 : MIDDLE**

# भुवनेश्वर के जरिए दिखाई समाज की कुरीतियां

बरेली। एसआरएमएस रिद्धिमा हॉल में बृहस्पतिवार को भुवनेश्वर नाटक का मंचन हुआ। मुख्य कलाकार फाजिल खान के साथ अभिनेत्री सुलोचना कार्की ने शानदार प्रस्तुति दी।

भुवनेश्वर के जीवन पर आधारित नाटक में समाज की कुरीतियों को उजागर किया गया। इसमें बुद्धिजीवी भुवनेश्वर के साथ दुर्व्यवहार का मंचन किया गया है। इसमें कलाकारों ने ऐसा समां बांधा कि दर्शक घंटेभर उसमें तल्लीन रहे।

एक युवा जीनियस भुवनेश्वर प्रसाद धीरे-धीरे पागल हो जाता है। कैसे एक असाधारण प्रतिभा, विरोध सहते-सहते असामान्य हो जाती है। भुवनेश्वर होना एक त्रासदी बन गई।



नाटक भुवनेश्वर का मंचन करते कलाकार। *स्रोत: संस्थान*

वह समय की धार के साथ बहती चली गई। नाटक की लेखक मीरा कांत हैं। भुवनेश्वर की भूमिका निर्देशक कप्तान सिंह कर्णधार ने निभाई। संजीव राठौड़, अनुराग शर्मा आदि ने मंचन किया। संवाद